DATE / /

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh
Date- Class - VI
Subject - Hindi Literature Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani.

पुस्तक - नवतरंग भाग - 6
पाठ - 10 'बालक चंद्रगुप्त'
पाठ - 11 'गाय की चोरी'

सुप्रभात प्यारे बच्चो।
यह पाठ कक्षा छठी की हिन्दी साहित्य की पाठ्य पुस्तक नवतरंग भाग-6 में दिए गए हैं। यह पाठ आपको 15 नवम्बर, 2021 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में पाठ-10 'बालक चंद्रगुप्त' एवं पाठ-11 'गाय की चोरी' के भाषा तरु के प्रश्न करेंगे। हम पहले पाठ-10 'बालक चंद्रगुप्त' के भाषा तरु के प्रश्न करेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपनी हिन्दी की पुस्तक नवतरंग भाग-6 का पृष्ठ-82 निकाल ले और अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं पाठ आरंभ करने जा रही हूँ।
पाठ-10 'बालक चंद्रगुप्त'
भाषा तरु :-
प्यारे बच्चो भाषा तरु के प्रश्न 1- वर्तनी की बात में (क, ख, ग) भाग में 'र' के विभिन्न रूपों के बारे में बताया गया है, तो आज हम सबसे पहले 'र' के विभिन्न रूपों पर चर्चा करेंगे।
बच्चो 'र' का प्रयोग चार रूपों में किया जाता है। 'र' का प्रयोग मात्राओं के रूप में भी किया जाता है।
जैसे :-

B+

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-
Class - VI
Subject - Hindi Literature
Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

1. 'र' अपने मूल रूप में → जैसे :- रमन, अनार, चार, शेर आदि।

2. र् (स्वर रहित 'र') → बच्चो इस स्थिति में 'र' अलग से दिखाई नहीं देता बल्कि अगले वर्ण के ऊपर दिखाई देता है। 'र' के इस रूप को 'रेफ' कहते हैं। बच्चो मैंने आपको बताया कि यह 'र' स्वर रहित है। स्वर रहित का अर्थ है, जहाँ पर किसी वर्ण के साथ स्वर नहीं जुड़ा होता जैसे – शब्द कर्म को देखें, इसमे –

क् + अ + र् + म् + अ

क + र् + म = कर्म

बच्चो कोई भी वर्ण अपने मूल रूप में हलंत (्) के साथ होता है, जिसे स्वर रहित या आधा वर्ण कहते हैं। जब इसके साथ 'अ' स्वर जुड़ जाता है तो वह पूरा वर्ण या स्वर सहित वर्ण बन जाते हैं जैसे क्, ख्, ग् –

क् + अ, ख् + अ, ग् + अ

क, ख, ग

3. ्र (स्वर सहित 'र') जैसे प्रश्न, क्रम
इस स्थिति में 'र' खड़ी पाई के साथ आता है '्र' और 'र' पूरा अर्थात् स्वर सहित है।

4 ^ (स्वर - सहित, नीचे से गोल व्यंजनों के साथ) यहाँ 'र' ट, ड, द आदि वर्णों के साथ आता है। जो नीचे से गोल होते हैं।

प्रश्न 2 - शब्दों की बात –
अब नीचे लिखे शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए –

अज्ञात – अ     कमज़ोर – कम

सुपुत्र – सु     बनाम – ब

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date- Class - VI
Subject - Hindi Literature Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani.

कुरूप - कु बदनाम - बद
अभिनय - अभि बेईमान - बेई
पराजय - परा प्रकोप - प्र

* बच्चो किसी शब्द से पहले लगने वाले ऐसे शब्द या अक्षरों को उपसर्ग कहते हैं।

(ख) कहानी में से चुनकर कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं। ऊपर दिए गए उदाहरण की तरह बताइए कि ये शब्द किन शब्दों से बने हैं-

बालक - बाल साहसी - साहस निर्भीकता - निर्भीक
हँसकर - हँस मूर्खता - मूर्ख चाटुकार - चाटु
ढिठाई - ढीठ बंदी - बंद

अब नीचे दिए गए प्रत्ययों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए-
प्यारे बच्चो! मूल शब्दों के पीछे जिन अक्षरों या शब्दो को लगाने से नए शब्द बन जाते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। बच्चो यहाँ एक शब्द आपको मैं बनाकर बताऊँगी और एक शब्द आप स्वयं बनाएँगे।

अनु + दार — अनुदार ..............
चम + क — चमक ..............
लड़ + का — लड़का ..............
दूध + वाला — दूधवाला ..............
बुन + कर — बुनकर ..............
भला + ई — भलाई ..............

बच्चो पाठ -10 के हम यहाँ तक ही भाषा तक के प्रश्न करेंगे। आशा है आप सभी को यह प्रश्न समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी जिसके बाद आप पाँच मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-  Class - VI
Subject - Hindi Literature  Page - 4
Subject Teacher - Ms Roma Rani.

प्रश्न -1. आशीर्वाद शब्द में 'र' के किस रूप का प्रयोग हुआ है ?

प्रश्न -2. गोल व्यंजन के साथ आए स्वर रहित 'र' से दो शब्द बनाएँ।

प्रश्न -3. उपसर्ग किन्हें कहते हैं ?

प्रश्न -4. 'क' प्रत्यय के साथ दो शब्द बनाएँ।

बच्चो अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर -1. स्वर रहित

उत्तर -2. ट्रक, ड्रम

उत्तर -3. किसी शब्द से पहले लगने वाले शब्द या अक्षर उपसर्ग कहलाते हैं।

उत्तर -4. चमक, कड़क

प्यारे बच्चो ! अब हम पाठ -11 'गाय की चोरी' के भाषा तरु के प्रश्न करेंगे :-

बच्चो आप अपनी पुस्तक का पृष्ठ - 92 निकाल लें।

पाठ -11 'गाय की चोरी'

भाषा तरु

प्रश्न 1. 'त्त' वाले पाँच शब्द लिखिए -

* बच्चो यहाँ पर 'त' वर्ण दो बार आया है, एक बार बिना स्वर 'अ' के, एक बार स्वर 'अ' के साथ। बच्चो ! इन्हें द्वित्य व्यंजन कहा जाता है।

* द्वित्य व्यंजन - जब एक व्यंजन का अपने समरूप व्यंजन से मेल होता है, तब यह द्वित्व व्यंजन कहलाता है; जैसे -

न् + न = अन्न

म् + म = (चम्मच), (चम्मच)

गलत रूप  ( सही रूप )

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-  Class - VI
Subject - Hindi Literature  Page - 5
Subject Teacher - Ms. Roma Rani.

उत्तर , सत्ता , पत्ता , कुत्ता , चित्त

प्रश्न-2. दो-दो पर्यायवाची लिखें -

गाय - धेनु , गऊ
रात - निशा , रात्रि
सवेरा - प्रभात , सुबह
नायक - नेता , जननायक
किसान - कृषक , अन्नदाता
बदन - तन , शरीर

प्रश्न - 3. व्याकरण की बात

'पुलिस भला क्या कर सकती थी ? मैं तो पहले ही जानता था, जो काम करना हो, अपने बूते पर उठाना चाहिए....... अरे साहब, क्या गाँव था ! डकैतों का..... राक्षस जैसे आदमी हैं वहाँ के, पर सुराग तो लगाना ही है....... कैसे-कैसे पहुँचा वहाँ, मेरी नज़र पड़ ही गई !

ऊपर दी गई पंक्तियों में से निम्नलिखित के उदाहरण चुनकर लिखिए -

- जातिवाचक संज्ञा - पुलिस , चोर , राक्षस , आदमी
- सर्वनाम - मैं , अपने , मेरी
- क्रिया - करना , जानना , उठाना , लगाना
- क्रिया विशेषण - कैसे - कैसे
- निपात - तो

* किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे निपात कहते हैं। जैसे :- भी, तो, तक, केवल, ही आदि।

- कारक - का , के , पर
- शब्द - युग्म - कैसे - कैसे
- विराम चिह्न - ? , !

Scanned with CamScanner

DATE / /

Date-  Class - VI

Subject- Hindi Literature  Page - 6

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

- अनुनासिक वाला शब्द — गाँव, वहाँ
- ए की मात्रा वाला शब्द — पहले, अपने, अरे
- भूतकाल वाला वाक्य — पुलिस भला क्या कर सकती थी।

प्रश्न (ख) नीचे दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए — यह प्रश्न विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

प्यारे बच्चो! मैंने आपको पाठ -11 के भाषा तरु करवा दिए हैं। अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी।

- बच्चो आप इन दोनों पाठों के भाषा तरु अपनी हिन्दी साहित्य की पुस्तक नवतरंग भाग-6 में ही करेंगे।
- बच्चो आप इस कार्य को अच्छी तरह से पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner